डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

रोजगार और नियोजन

वर्ष-23, अंक-10, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

24 सितंबर 2025 बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, निःशुल्क

रायपुर से राजिम तक नई ट्रेन सेवा शुरू, नवा रायपुर कनेक्टिविटी को मिली रफ्तार

राजधानी रायपुर से नवा रायपुर होते हुए राजिम तक यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नई मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन प्रतिदिन दो फेरे लगाएगी। नया रेल सेवा मार्ग रायपुर से मंदिर हसौद, सीबीडी, केंद्री, अभनपुर, मानिकचौरी होते हुए राजिम तक रहेगा। इससे रायपुर-नवा रायपुर के बीच प्रतिदिन सफर करने वाले हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी।

68766 रायपुर-राजिम मेमू पैसेंजर			68767 राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
....	04.45	रायपुर	08.20	....
05.03	05.05	मंदिर हसौद	07.52	07.55
05.15	05.16	सीबीडी नवा रायपुर	07.41	07.42
05.30	05.32	केंद्री	07.26	07.28
05.43	05.45	अभनपुर	07.13	07.15
05.56	05.57	मानिक चौरी हॉल्ट	06.59	07.00
06.20	....	राजिम	....	06.45

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रमिकों को आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं से मिला सशक्तिकरण

छत्तीसगढ़ के श्रमवीरों के जीवन में उजाला 1.84 लाख खातों में पहुँचे 65 करोड़ रुपये

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में श्रमिक महासम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर 1.84 लाख श्रमिकों के खातों में 65.16 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से अंतरित कर श्रमिकों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि श्रमवीर समाज की रीढ़ हैं और उनके योगदान से ही विकसित छत्तीसगढ़ तथा विकसित भारत का सपना साकार होगा।

श्रमिकों के हित में घोषणाएँ

- दीदी ई-रिक्शा योजना की सहायता राशि अब 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये।
- श्रमिकों को आवास निर्माण हेतु अनुदान राशि 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये।
- निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार का पूरा खर्च अब श्रम विभाग द्वारा वहन।

पंजीयन और लाभ वितरण

- 01 जनवरी 2024 से 15 सितम्बर 2025 तक 7.3 लाख श्रमिकों का पंजीयन।
- इसी अवधि में 8.39 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ।
- अब तक योजनाओं पर 535.62 करोड़ रुपये का व्यय।

समग्र विकास की पहल

- असंगठित श्रमिकों और परिवारों के लिए 'अम्ब्रेला योजना' की शुरुआत।
- कैशलेस इलाज हेतु 106 निजी अस्पतालों से अनुबंध।
- योजनाओं का लाभ एक ही प्लेटफॉर्म पर देने के लिए 'श्रमेव जयते पोर्टल' की शुरुआत।



योजनाओं की उपलब्धियाँ

- आवास सहायता योजना : 1,042 श्रमिकों को 1-1 लाख रुपये की अनुदान सहायता।
- नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना : 7,478 श्रमिक बच्चों को 10.14 करोड़ रुपये की राशि।
- मिनीमाता महतारी जतन योजना : 65,010 महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता।
- श्रम अन्न योजना : 17 जिलों के 37 केन्द्रों पर 11.35 लाख से अधिक पौष्टिक भोजन।
- मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना : 3,658 आश्रित परिवारों को लाभ।
- मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र : पंजीयन व समस्या समाधान हेतु जिले और ब्लॉक स्तर पर सुविधा।

स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार

नारी सशक्तिकरण की ओर कदम

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी रायपुर से हजारों महिलाओं के साथ वर्चुअली जुड़े। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों में टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच व दवाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह अभियान मातृशक्ति के स्वास्थ्य संरक्षण का ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने पोषण कैलेंडर का विमोचन किया और मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।

दूरदर्शन स्थापना दिवस

मनोरंजन से वैचारिक समृद्धि तक भूमिका

रायपुर स्थित दूरदर्शन केंद्र में 66वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने दूरदर्शन की ऐतिहासिक यात्रा और अपनी यादें साझा कीं। दूरदर्शन ने केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि समाज को वैचारिक रूप से समृद्ध और संस्कारित करने में अहम भूमिका निभाई है। 1982 एशियाई खेलों का रंगीन प्रसारण, रामायण-महाभारत जैसे धारावाहिक और "मिले सुर मेरा तुम्हारा" गीत ने देश की एकता को सशक्त किया। समाचारों की गरिमा और भाषा की शुद्धता दूरदर्शन की विशेष पहचान है।

एक भूमि, सबको लाभ

पीएम किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत एक ही भूमि खाते में कई परिवारों के नाम दर्ज होने पर भी प्रत्येक पात्र परिवार को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता अलग-अलग मिलेगी। योजना में 'किसान परिवार' का अर्थ पति-पत्नी और अवयस्क बच्चों से है। यह लाभ खाता संख्या से नहीं, बल्कि परिवार इकाई के आधार पर दिया जाएगा। फरवरी 2025 में छत्तीसगढ़ के 25.47 लाख किसानों को 20वीं किश्त के रूप में 553 करोड़ 34 लाख रुपये वितरित किए गए। योजना का लाभ केवल पात्र किसानों को ही मिलता है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई उड़ान

14-14 करोड़ रुपए की लागत से फिजियोथेरेपी महाविद्यालय, युवाओं और मरीजों को मिलेगा लाभ

राज्य में बनेंगे 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने मनेंद्रगढ़, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग और जगदलपुर में 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालय खोलने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इनका निर्माण करीब 14-14 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। परियोजना पर कुल 83 करोड़ 62 लाख रुपए खर्च होंगे।

गांव-गांव तक राहत :

- ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के मरीजों को बड़ी राहत।
- राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मिलेगी मजबूती।

रोजगार के अवसर :

- निर्माण से लेकर संचालन तक स्थानीय लोगों को रोजगार।
- स्नातक विद्यार्थी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाएं देंगे।

होम-स्टे योजना

जशपुर के पाँच ग्रामों में शुरुआत

जशपुर जिले के पाँच ग्राम देओबोरा, केरे, दनगरी, छिछली और घोघरा में होम-स्टे योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किया। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यटन को नई पहचान देने के साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार और उद्यमशीलता के अवसर प्रदान करेगी। होम-स्टे के माध्यम से पर्यटक गाँवों में रहकर आदिवासी संस्कृति, परंपरा, खान-पान और जीवनशैली का अनुभव कर सकेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त पर्यटन मित्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

पिक ऑफ द वीक



बम्लेश्वरी मंदिर(डोंगरगढ़)

बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ की 1600 फीट ऊँची पहाड़ी पर स्थित है, जिसे छत्तीसगढ़ का प्रमुख तीर्थ माना जाता है। मंदिर का संचालन 1964 से माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट कमेटी द्वारा किया जा रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस मंदिर तक पहुँचने के लिए सीढ़ियाँ और रोपवे दोनों सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित करती हैं। यहां पहाड़ी पर स्थित मंदिर पर जाने के लिये सीढ़ीयों के अलावा रोपवे की सुविधा भी है।

छत्तीसगढ़ संदर्भ

- **भौगोलिक क्षेत्र:** 260120.331 हेक्टेयर
- **कुल विधानसभा सीट :** 4 (राजनांदगांव, डोंगरगढ़ (अ.जा.), डोंगरगांव, खुज्जी)
- **तहसील की संख्या :** 7 (राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया, लाल बहादुर नगर, घुमका, कुमरदा)
- **विकासखण्ड :** 3 (राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव)
- **जनपद पंचायत :** 4 (राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया)
- **नगर पंचायत:** 3 (छुरिया, डोंगरगांव, लाल बहादुर नगर)
- **ग्राम पंचायत:** 406

स्त्रोत : https://rajnandgaon.nic.in/

शहीदों के परिजनों को मिलेगी 50 लाख की अनुग्रह राशि
परमवीर चक्र प्राप्त वीर जवानों को अब 1 करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में शहीद सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण को लेकर ऐतिहासिक निर्णय

छत्तीसगढ़ सरकार ने शहीद सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण को लेकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सम्पन्न राज्य सैनिक समिति की 6वीं बैठक में यह तय किया गया कि युद्ध एवं सैनिक कार्यवाही में शहीद सैनिकों की पत्नी अथवा आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया जाएगा। जिसके तहत वह शौर्य और बलिदान की मिसाल पेश करने वाले सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान व सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा "हमारे सैनिक देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हैं। उनकी वीरता और बलिदान को नमन करते हुए राज्य सरकार उनके परिवारों के कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।"

बैठक में लिए गए मुख्य निर्णय

- युद्ध एवं सैनिक कार्यवाही में शहीद (बैटल कैजुअल्टी) सैनिकों की पत्नी अथवा आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई।
- परमवीर चक्र प्राप्त वीर जवानों की अनुग्रह राशि 40 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये की गई।
- शहीद सैनिकों के माता-पिता को दी जाने वाली जंगी इनाम राशि 5 हजार रुपये प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष कर दी गई।
- युद्ध या सैनिक कार्यवाही में दिव्यांग हुए सैनिकों की अनुदान राशि 10 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी गई।
- सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को 25 लाख रुपये तक के प्रथम भूमि/गृह क्रय पर स्टाम्प शुल्क में छूट दी जाएगी।

बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत

बैठक में सैनिक कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ के संचालक एवं राज्य सैनिक समिति के सचिव ब्रिगेडियर विवेक शर्मा (से.नि.), विशिष्ट सेवा मेडल ने राज्य सैनिक बोर्ड की गतिविधियों और पिछली बैठक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि समिति के एजेंडा बिंदुओं पर लिए गए निर्णयों का सीधा लाभ सैनिकों और उनके परिवारों तक पहुँचेगा।

सरकार की प्रतिबद्धता

बैठक में मौजूद सदस्यों ने शहीदों की वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए संचालित योजनाओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और भविष्य में भी सैनिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

सुकमा-बीजापुर में सीआरपीएफ की 300 पदों पर भर्ती

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सुकमा और बीजापुर जिले में कुल 300 पदों पर भर्ती होगी। इसमें 255 पद पुरुषों और 45 पद महिलाओं के लिए निर्धारित हैं। सुकमा जिले से 129 पुरुष और 23 महिलाएं (कुल 152 पद) तथा बीजापुर से 126 पुरुष और 22 महिलाएं (कुल 148 पद) शामिल हैं। भर्ती के लिए आवेदन, पंजीकरण और रोल नंबर जारी करने की प्रक्रिया 6 अक्टूबर से 14 नवंबर 2025 तक चलेगी। शारीरिक दक्षता और मापदंड परीक्षा 21 अक्टूबर से 6 नवंबर तक होगी। भर्ती स्थल सुकमा पुलिस लाइन पुसामीपारा और बीजापुर फुटबॉल स्टेडियम रहेगा।

रेलवे सेक्शन कंट्रोलर पदों पर भर्ती, आवेदन 14 अक्टूबर तक

रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB) ने सेक्शन कंट्रोलर पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 सितंबर 2025 से शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 14 अक्टूबर तक rrbapply.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर है। इन पदों के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन आवश्यक है। आयु सीमा 20 से 33 वर्ष तय की गई है, आवेदन हेतु उम्मीदवारों को पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और फिर लॉगिन कर विवरण भरकर शुल्क जमा करना होगा।

PGCIL में अप्रेंटिसशिप पदों पर भर्ती, आवेदन 16 अक्टूबर तक

पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने ट्रेड अप्रेंटिसशिप पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन 15 सितंबर से शुरू होकर 16 अक्टूबर 2025 तक www.powergrid.in पर किए जा सकेंगे। पदानुसार 10वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, बीई/बीटेक या बीएससी धारक उम्मीदवार आवेदन के पात्र हैं। न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तय की गई है। आवेदन निशुल्क रहेगा। उम्मीदवारों को NATS/NAPS पंजीकरण, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक विवरण, पासपोर्ट फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे।

पी एच ई विभाग में अनुरेखक भर्ती, आवेदन 1 अक्टूबर तक

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुरेखक पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया व्यापमं के माध्यम से चल रही है। अभ्यर्थी 1 अक्टूबर शाम 5 बजे तक व्यापमं की वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। 2 से 4 अक्टूबर तक आवेदन में किसी भी त्रुटि को सुधारने का अवसर मिलेगा। निर्धारित परीक्षा 26 अक्टूबर को होगी और इसके लिए केवल रायपुर और बिलासपुर में ही परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को समय रहते आवेदन करना आवश्यक है।

जॉब अलर्ट

बीपीएससी
पद: सहायक शिक्षा विकास अधिकारी
पद संख्या: 935
अंतिम तिथि: 26 सितंबर
bpsc.bihar.gov.in

एम्स बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)
पद: टीचिंग
पद संख्या: 90
अंतिम तिथि: 29 सितंबर
aiimsbilaspur.edu.in

यूपीएससी
पद: मेडिकल ऑफिसर
पद संख्या: 213
अंतिम तिथि: 02 अक्टूबर
www.upsc.gov.in

इंडियन ओवरसीज बैंक
पद: ग्रुप ए, बी और सी
पद संख्या: 127
अंतिम तिथि: 03 अक्टूबर
www.iob.in

केनरा बैंक
पद: ट्रेनी
पद संख्या: 22000
अंतिम तिथि: 06 अक्टूबर
www.canmone y.in

उत्तराखंड चयन सेवा
पद: स्पेशल एजुकेटर
पद संख्या: 128
अंतिम तिथि: 07 अक्टूबर
www.sssc.uk.gov.in

साउदर्न रेलवे
पद: विभिन्न
पद संख्या: 67
अंतिम तिथि: 12 अक्टूबर
rrcmas.in

रोजगार और नियोजन
प्रधान संपादक
डॉ. रवि मित्तल
संपादक
जवाहर लाल दरियो
महाप्रबंधक
हीरालाल देवांगन
उप महाप्रबंधक (विपणन)
नितिन शर्मा
सहायक संपादक
गीतांजलि नेताम
संपादकीय
संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइन-इलेस्ट्रेशन
धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर
अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था
विक्रांत ताम्रकार
- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री ने दी जशपुर जिले को 24 नए छात्रावास भवनों की सौगात

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले में 24 नए छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए 41 करोड़ 59 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह भवन अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विकासखंडों और ग्रामों में बनाए जाएंगे, जिससे दूरदराज व वंचित वर्ग के छात्रों को सुरक्षित व अनुकूल वातावरण मिलेगा। प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जशपुर जम्बूरी 2025 : रोमांच, संस्कृति और रोजगार का अनोखा उत्सव

बगिया स्थित कैम्प कार्यालय से 'जशपुर पर्यटन एवं कृषि क्रांति' का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किया। उन्होंने कहा कि जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता और जनजातीय संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए जशपुर जम्बूरी महत्वपूर्ण है। 2024 में पहली बार आयोजित यह उत्सव अब 6 से 9 नवम्बर 2025 तक दूसरी बार भव्य रूप में आयोजित होगा। इसमें रोमांचक गतिविधियाँ, वॉटर स्पोर्ट्स, पैरामोटर, हॉट एयर बलून, लोकनृत्य, हस्तशिल्प, पारंपरिक खेल और व्यंजनों का अनुभव मिलेगा।

8370 विद्यार्थियों को 6.2 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति व भोजन सहायता राशि जारी

रायपुर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय सड्डू में आदि सेवा पखवाड़ा का मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय गांवों में जमीनी बदलाव लाएगा और ट्राइबल विजन डाक्यूमेंट 2030 दीर्घकालीन विकास का रोडमैप बनेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 8,370 विद्यार्थियों को 6.2 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति व भोजन सहायता राशि ऑनलाइन अंतरित की और विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के बच्चों के साथ भोजन किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय नायकों के आदर्शों से प्रेरित यह अभियान हर घर तक विकास पहुँचाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय रक्तदान अमृतोत्सव 2.0 कार्यक्रम में हुए शामिल

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर स्थित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित रक्तदान अमृतोत्सव 2.0 कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा अनिवार्य है। शिक्षा केवल डिग्री या नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मूल आधार है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में प्रदेशभर के महाविद्यालयों में रक्तदान सहित विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने नरहरपुर में 75.31 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

कांकेर जिले के नरहरपुर में गोंडवाना समाज के "ठाकुर जोहारनी" कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 75 करोड़ 31 लाख 72 हजार रुपये की लागत वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग चौड़ीकरण पर 40.22 करोड़, भैंसमुंडी-झलियामारी मार्ग पर 4.90 करोड़ तथा तीन हाई स्कूल भवन निर्माण पर 75.23-75.23 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। इसके अलावा नहरों और एनीकटों के जीर्णोद्धार व निर्माण सहित आदिवासी बालक आश्रम चरभट्टी भवन पर 1.62 करोड़ का कार्य शामिल है।

रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक कराना अनिवार्य

रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत आवेदकों के लिए रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। वर्ष 2024 के पूर्व पंजीयन करवाने वाले आवेदक अपने रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक करा सकते हैं। इसके लिए आवेदक गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध CG Rojgar Portal App डाउनलोड कर सकते हैं अथवा वेबसाइट http://cgemployment.gov.in/ पर लिंकिंग की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

गंगरेल : 11 मछुआ समितियों को मिला पुनः मछली पालन का अधिकार

गंगरेल क्षेत्र की 11 मछुआ सहकारी समितियों को पुनः मछली पालन का हक मिलने पर सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से भेंट कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में एम्बुलेंस उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय बैंक शाखा खोलने का आश्वासन दिया। वंचित वर्गों के उत्थान और स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार सृजन के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना और आवास योजना से आमजन का जीवन बदला है। महिलाओं को रेडी-टू-ईट कार्य का जिम्मा देकर आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अगस्त 2025 में छत्तीसगढ़ के 25 लाख 46 हजार 792 किसानों को 567.77 करोड़ रुपये की 20वीं किस्त प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी की गई। अब तक प्रदेश के किसानों को 10,290 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिल चुकी है। योजना की शुरुआत दिसंबर 2018 में हुई थी, जिसके तहत पात्र किसानों को सालाना 6 हजार रुपये तीन किस्तों में दिए जाते हैं। अब तक 41.69 लाख किसानों को लाभ पहुंचा है। इस बार बढ़कर 1.72 लाख नए किसान भी जुड़ गए हैं।

प्रदेश में 31 अक्टूबर तक संचालित होगा 'अंगीकार 2025' अभियान

भारत सरकार दवारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के साथ अन्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अभिसरण एवं व्यापक जनजागरूकता के उददेश्य से 'अंगीकार 2025' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक प्रदेश में संचालित होगा, ताकि अधिकतम पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकें, इसके लिए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विविध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

राष्ट्रीय

भारत की सबसे तेज ट्रेन बनी नमो भारत

भारत ने नमो भारत ट्रेन के साथ तीव्र क्षेत्रीय परिवहन के नए युग की शुरुआत की है। यह देश की सबसे तेज़ ट्रेन है, जो 160 किमी/घंटा की गति से दिल्ली- मेरठ RRTS कॉरिडोर पर चलती है और यात्रा समय 60 मिनट से भी कम कर देती है। 82.15 किमी लंबे इस कॉरिडोर में 16 स्टेशन होंगे। आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों जैसे ATP, ATC और ATO से लैस यह ट्रेन बिना आरक्षण के सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराती है। अल्सटॉम द्वारा निर्मित और मेरठ मेट्रो से एकीकृत यह परियोजना जाम और प्रदूषण घटाकर शहरी–ग्रामीण कनेक्टिविटी को गति देगी।

पांडुलिपि संरक्षण के लिए 'ज्ञान भारतम पोर्टल' लॉन्च

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 12 सितम्बर 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'ज्ञान भारतम पोर्टल' लॉन्च किया। इस पोर्टल का उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण, संरक्षण और आम जनता के लिए उपलब्ध कराना है। पोर्टल एआई-सक्षम खोज, अनुवाद और शोध कार्य को प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित हुआ, जिसमें 1,100 से अधिक विद्वानों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। यह पहल न केवल भारत की विशाल पांडुलिपि धरोहर को संरक्षित करेगी, बल्कि इसे नई शिक्षा नीति और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण से भी जोड़ेगी।

अमित खरे बने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन के सचिव

सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार अमित खरे को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का सचिव बनाया गया है। वे अक्टूबर, 2021 से पीएमओ में सामाजिक क्षेत्र से संबंधित मामले देख रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 तैयार करने और लागू करने वाली कोर टीम का हिस्सा रहे।

दिल्ली एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल 26 अक्टूबर से

दिल्ली एयरपोर्ट का अपग्रेडेड टर्मिनल-2 (टी2) 26 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। इससे एयरपोर्ट हर साल 10 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। एअर इंडिया और इंडिगो की करीब 120 घरेलू उड़ानों का संचालन यहां से किया जाएगा। सबसे व्यस्त एयरपोर्ट पर अभी टी1 और टी3 टर्मिनल ही चालू हैं।

श्रीनिवास इन्जेटी बने एनएसई गवर्निंग बोर्ड के चेयरपर्सन

सेबी की मंजूरी के साथ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्रीनिवास इन्जेटी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के गवर्निंग बोर्ड का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। वे कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के सचिव और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के पहले चेयरपर्सन रह चुके हैं। दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC) लागू करने में उनकी अहम भूमिका रही।

आइजोल में प्रधानमंत्री ने ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मिजोरम की राजधानी आइजोल से आइजोल-दिल्ली राजधानी समेत तीन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आइजोल पहली बार देश के बाकी हिस्से से रेल मार्ग से कनेक्ट हुआ। खराब मौसम की वजह से एयर कनेक्टिविटी भी बहुत अच्छी नहीं है।

मप्र : अब छात्रों के साथ स्कूल भी देंगे परीक्षा

मध्य प्रदेश के देवास जिले में स्वच्छता और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए अनोखी पहल की गई है। यहां के स्कूलों को अब स्वच्छता और हरियाली के मापदंडों पर परखा जाएगा। इसके आधार पर उन्हें ग्रेडिंग मिलेगी। इसके लिए स्कूल अपने स्तर पर मापदंडों के अनुसार तैयारी कर पोर्टल पर पंजीयन करेंगे। इसके बाद जिला स्तरीय टीम मूल्यांकन करेगी।

केरल में हर मंगलवार अब महिला वेलनेस क्लीनिक

केरल के 5,000 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर हर मंगलवार महिलाओं के लिए विशेष वेलनेस क्लीनिक चलाए जाएंगे। महिलाएं यहां जाकर जरूरी परामर्श ले सकेंगी। मातृत्व से जुड़ी देखभाल, कैंसर, एनीमिया, मधुमेह, रक्तचाप (बीपी) जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग और जांच की सुविधा भी मिलेगी।

मुंबई: अब 100 एकड़ में सेमीकंडक्टर यूनिट बनेगी

नवी मुंबई सेमीकंडक्टर हब बनेगा। यहां आरआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स को सेमीकंडक्टर फैब यूनिट लगाने के लिए 100 एकड़ जमीन दी गई। 12 हजार करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट में सचिन तेंदुलकर भी निवेशक हैं। प्रोजेक्ट क्षमता हर महीने 1.25 लाख वेफर्स बनाने की होगी। कंपनी का कहना है कि वो टेक्सास की फैब यूनिट को यह स्थापित करेगी।

10 लाख रुपये तक की खरीदारी का भुगतान यूपीआई से किया जा सकेगा

15 सितंबर से कोई भी व्यक्ति 10 लाख रुपये तक की खरीदारी का भुगतान यूपीआई के जरिए कर सकेगा। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेनदेन की सीमा बढ़ा दी है।

आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राष्ट्रपति भवन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से सी.पी. राधाकृष्णन का इस्तीफा देने और भारत के उप-राष्ट्रपति के रूप में उनके चयनित होने के बाद आचार्य देवव्रत को यह जिम्मेदारी दी गई है।

भारत को मिल सकते हैं 114 नए राफेल, रक्षा क्षमता में होगी ऐतिहासिक बढ़ोतरी

भारतीय वायुसेना (IAF) ने 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव रखा है, जिसकी लागत लगभग 2 लाख करोड़ होगी। यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत होगा, जिसमें 60% से अधिक निर्माण भारत में होगा। टाटा ग्रुप और डसॉल्ट एविएशन जैसी कंपनियां इसमें शामिल होंगी।

अंतरराष्ट्रीय

प्रोजेक्ट रीबर्थ: क्रैश-प्रूफ विमान का नया कॉन्सेप्ट, एआई से होगा कंट्रोल

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे से सबक लेते हुए इंजीनियर्स ने एक ऐसा कॉन्सेप्ट तैयार किया है, जिससे कोई विमान कभी भी क्रैश नहीं होगा। इस कॉन्सेप्ट को 'प्रोजेक्ट रीबर्थ' नाम दिया गया है और इसे दुबई के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के दो इंजीनियर्स एशेल वसीम और धरसन श्रीनिवासन ने तैयार किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को पता चलता है कि 3 हजार फीट से कम ऊंचाई पर किसी घटना का जरा भी अंदेशा होता है और उसे टाला नहीं जा सकता है तो ऐसी स्थिति में यह सिस्टम अपने आप एक्टिव हो जाता है। दो सेकेंड से भी कम समय में विमान के अगले हिस्से, बीच के हिस्से और सबसे पीछे वाले हिस्से, तीनों जगह से बड़े-बड़े 'कवच' बाहर निकलेंगे।

नेपाल के तीन नवनियुक्त मंत्रियों ने शपथ ली

नेपाल में सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में तीन नवनियुक्त मंत्रियों ने पद की शपथ ली, जिनमें बिजली बोर्ड के पूर्व सीईओ कुलमन घीसिंग भी शामिल हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास में यह कार्यक्रम आयोजित किया।

भारत के 7 नए प्राकृतिक स्थल यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में शामिल

भारत ने 12 सितंबर 2025 को यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में 7 नए प्राकृतिक स्थलों को शामिल किया है। इनमें महाराष्ट्र के डेक्कन ट्रैप्स, कर्नाटक के सेंट मैरीज द्वीप, मेघालयन युग की गुफाएँ, नागालैंड का नागा हिल ओफियोलाइट, आंध्रप्रदेश के एर्रा मट्टी डिब्बालु और तिरुमला हिल्स तथा केरल का वर्कला क्लिफ शामिल हैं। इसके साथ भारत की अस्थायी सूची में कुल 69 स्थल हो गए हैं, जिनमें 49 सांस्कृतिक, 17 प्राकृतिक और 3 मिश्रित स्थल हैं। यह कदम भारत की सांस्कृतिक कूटनीति, पर्यावरण संरक्षण और सतत पर्यटन के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

भारत ने फ़िलिस्तीन दो-राष्ट्र समाधान पर UN प्रस्ताव का समर्थन

भारत ने 12 सितम्बर 2025 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित "न्यूयॉर्क घोषणा" के पक्ष में मतदान कर फ़िलिस्तीन मुद्दे पर दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया। इस प्रस्ताव को 142 देशों ने समर्थन दिया, 10 ने विरोध किया और 12 देश अनुपस्थित रहे। फ्रांस और सऊदी अरब द्वारा प्रस्तुत इस प्रस्ताव का उद्देश्य इज़रायल और फ़िलिस्तीन के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करना है। भारत की नीति हमेशा से एक स्वतंत्र, संप्रभु फ़िलिस्तीन के साथ सुरक्षित इज़रायल की मान्यता पर आधारित रही है। यह कदम भारत की ऐतिहासिक स्थिति को पुनः पुष्ट करता है और वैश्विक शांति प्रयासों को मजबूती प्रदान करता है।

सुशीला कार्की बनीं नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति भवन में ली शपथ

पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री की शपथ ले ली है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा शपथ दिलाई गई। सुशीला कार्की के अंतरिम मंत्रिमंडल में कोई मंत्री शामिल नहीं किया गया। यह फैसला केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद आया है, जो भ्रष्टाचार और अधिनायकवाद के खिलाफ जनरेशन जेड के हिंसक प्रदर्शनों का नतीजा है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल के बीच चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। एक संवैधानिक विशेषज्ञ ने गुमनामी की शर्त पर पुष्टि की कि कार्की को जनरेशन जेड प्रदर्शनकारियों का समर्थन प्राप्त है।

चीनी वैज्ञानिकों ने बनाया बोन ग्लू, जो तीन मिनट में टूटी हड्डी जोड़ देगा

हादसों में फ्रेक्चर होने पर इसे ठीक होने में महीनों लग जाते हैं, लेकिन चीनी वैज्ञानिकों ने अब ऐसा बोन ग्लू विकसित किया है, जिससे तीन मिनट में फ्रेक्चर हुई और टूटी हड्डियों का इलाज किया जा सकता है। पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत में एक शोध दल ने हाल ही में 'बोन 02' नामक बोन ग्लू लॉन्च किया है। इसे बनाने वाले डॉ. लिन जियानफेंग ने बताया कि पानी के नीचे एक पुल से मजबूती से चिपके हुए सीपों को देखकर बोन ग्लू का आइडिया आया।

INS निस्टर सिंगापुर में 'पैसिफिक रीच 2025' अभ्यास में शामिल

भारत का स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल INS निस्टर सिंगापुर के चांगि नेवल बेस पहुँचा और बहुराष्ट्रीय Exercise Pacific Reach 2025 में भाग लिया। 18 जुलाई 2025 को कमीशन हुआ INS निस्टर 80% से अधिक स्वदेशी घटकों से निर्मित है यह अभ्यास, जिसमें 40 से अधिक देश शामिल हैं, हार्बर और सी फेज़ में विभाजित है और सबमरीन रेस्क्यू व इंटरऑपरेबिलिटी ड्रिल्स पर केंद्रित है। INS निस्टर की भागीदारी भारत की समुद्री सुरक्षा, अंडरवाटर रेस्क्यू क्षमता और अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक सहयोग को नई मजबूती देती है।

नॉर्वे उड़ाएगा इलेक्ट्रिक प्लेन 30% कम खर्च में होगी उड़ान

नॉर्वे ने पहली बार दो बड़े शहरों स्टावेंगर और बर्गन के बीच इलेक्ट्रिक विमान की टेस्ट फ्लाइट सफलतापूर्वक पूरी की। नॉर्वे ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इलेक्ट्रिक फ्लाइट की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस देश में 2024 में बिकने वाली 90% नई कारें इलेक्ट्रिक हैं। टेस्ट फ्लाइट में इस्तेमाल हुआ 'आलिया सीएक्स 300' विमान अमेरिका की कंपनी 'बीटा टेक्नोलॉजीज' ने बनाया है। यह 50 फीट विंगस्पैन वाला विमान है, जो 283 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है।

अमेरिका-दक्षिण कोरिया-जापान ने शुरू किया 'फ्रीडम ऐज' सैन्य अभ्यास

अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने 15 सितम्बर 2025 को जेजू द्वीप के पास संयुक्त हवाई और नौसैनिक अभ्यास फ्रीडम ऐज शुरू किया। 19 सितम्बर तक चलने वाला यह बहु-क्षेत्रीय अभ्यास मिसाइल रक्षा, वायु-समुद्री अभियान, साइबर समन्वय और मेडिकल इवैक्यूएशन पर केंद्रित है। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने इसे अब तक का सबसे आधुनिक त्रिपक्षीय अभ्यास बताया। उत्तर कोरिया ने इसे उकसावे की कार्रवाई करार दिया।

स्रोत : pib, newsonair, ptinews, aninews

खेल / कला

बैडमिंटन में 25 सेकेंड टाइम क्लॉक नियम लागू

विश्व बैडमिंटन महासंघ (BWF) ने 2026 से चयनित विश्व टूर टूर्नामेंटों में 25 सेकेंड टाइम क्लॉक नियम लागू करने की मंजूरी दी है। इसके तहत प्रत्येक रैली समाप्त होने के बाद खिलाड़ी को अगली रैली के लिए 25 सेकेंड के भीतर तैयार होना अनिवार्य होगा। यह कदम मैच की गति बढ़ाने और खेल को अधिक रोमांचक बनाने के लिए उठाया गया है। टाइम क्लॉक प्रणाली का पहला परीक्षण 18 से 23 नवंबर 2025 तक आयोजित प्रतियोगिताओं में किया जाएगा। BWF का यह निर्णय खिलाड़ियों की तैयारी समय को नियंत्रित कर मैच की निरंतरता सुनिश्चित करेगा।

वेब श्रृंखला 'द स्टूडियो' ने 13 पुरस्कार जीत रचा इतिहास

कॉमेडी वेब श्रृंखला 'द स्टूडियो' ने एमी अवॉर्ड्स में कुल 13 पुरस्कार जीतकर एक सीजन में सबसे अधिक पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड बना लिया। कॉमेडी अभिनय, निर्देशन और लेखन में जीत हासिल कर सेठ रोगन की 'एप्पल टीवी प्लस' श्रृंखला 'द स्टूडियो' ने 'द बियर' का पिछले साल 11 पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वहीं, 'एडोलसेंस' ने छह श्रेणियों में और 'द पिट' ने ड्रामा श्रेणी में पुरस्कार जीते।

शूटिंग : 20 वर्षीय एशा सिंह ने हौसले से वर्ल्ड कप में पहली बार गोल्ड जीता

भारतीय निशानेबाज एशा सिंह ने चीन में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में भारत का मेडल सूखा खत्म किया। एशा ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में मात्र 0.1 अंक के अंतर से गोल्ड मेडल जीत लिया। 20 वर्षीय एशा ने वर्ल्ड कप में पहली बार इंडिविजुअल गोल्ड मेडल हासिल किया। भारत मेडल टेबल में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। भारत ने टूर्नामेंट में अपने चौथे से छठे स्थान के निशानेबाजों को रेंज में उतारा।

रेस वॉक : वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मारिया बनीं चैंपियन

वर्ल्ड एथलेटिक्स की शुरुआत 35 किमी वॉक रेस से हुई। महिलाओं की रेस में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और पिछली विजेता मारिया पेरेज चैम्पियन बनीं। स्पेन की मारिया ने 2:39:01 में गोल्ड अपने नाम किया। यह उनका तीसरा वर्ल्ड चैम्पियनशिप गोल्ड है। मारिया ने 2023 बुडापेस्ट में 20 किमी रेस वॉक और 35 किमी रेस वॉक भी जीती थी।

राज ने ओपन आर्चरी टूर्नामेंट में जीता कांस्य

खेलो इंडिया द्वारा पटना में 12 से 14 सितंबर तक जोनल ओपन आर्चरी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया आर्चरी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने बताया कि टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के राज सोरठे ने रिकर्व इवेंट में कांस्य पदक और 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि जीता।

वर्ल्ड बॉक्सिंग में मीनाक्षी ने तीन बार की विश्व विजेता को हराया

भारत ने इंग्लैंड में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दूसरा गोल्ड जीत लिया है। मीनाक्षी ने 48kg वेट कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में 3 बार की विश्व विजेता कजाकिस्तान की नजिम काईजीबे को 4-1 से हराया। मीनाक्षी इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाली दूसरी भारतीय बॉक्सर हैं। मीनाक्षी से पहले जैस्मिन लंबोरिया ने 57 किलोग्राम में पोलैंड की जूलिया स्जेरेमेटा को 4-1 से मात दी। इसी के साथ वर्ल्ड चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन में भारत ने चौथा मेडल जीत लिया है। इनमें एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज भी शामिल हैं। नूपुर 80 किलोग्राम का फाइनल मुकाबला हार गईं। जबकि पूजा रानी को 80 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा।

शूटिंग में मेघना ने जीता पहला विश्व कप पदक

निंगबो (चीन) में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ए. मेघना सज्जनार ने 230.0 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीतकर भारत को विश्व कप में पहला पदक दिलाया। चीन की पेंग शिनलू ने 255.3 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और नया विश्व रिकॉर्ड बनाया, वहीं हमवतन वांग ज.फ़ि.ई ने 254.8 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टैड ने रजत पदक अपने नाम किया। भारत ने विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल किया। ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार शुरुआत की थी।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बीजापुर ने रचा स्वर्णिम इतिहास

बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में 5 से 7 सितम्बर तक आयोजित 22वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बीजापुर खेल अकादमी ने पहली बार शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीते। 20 खिलाड़ियों की टीम ने जिले का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया। लक्ष्मण हपका, नताशा तेलामी, सविता कुहरामी, निर्मती तेलम, संतोषी भंडारी और अंजली ने स्वर्ण पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 खिलाड़ी अब 10 से 14 अक्टूबर तक भुवनेश्वर में आयोजित 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कुश्तीः अंतिम पंघाल विश्व स्तर पर दो ब्रॉन्ज जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं

वर्ल्ड कुश्ती चैम्पियनशिप में अंतिम पंघाल ने भारत को पहला मेडल दिलाया। उन्होंने 53 किग्रा वर्ग के ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्वीडन की एमा माल्मग्रेन को 9-1 से हराया। 21 वर्षीय अंतिम का यह दूसरा वर्ल्ड चैम्पियनशिप मेडल है। वे विनेश फोगाट के बाद विश्व स्तर पर दो ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली दूसरी भारतीय हैं।

बॉक्सिंग : जैसमिन वर्ल्ड चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय

भारत की जैसमिन (57 किग्रा) ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने सेमीफाइनल में वेनेजुएला की ओमेलीन कैरोलिना अल्काला सेगोविया को 5-0 से हराया। जैसमिन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला-बस्तर जगदलपुर

क्रमांक / 4172/256/आ.वि./व.अ./2025/ जगदलपुर, दिनांक 12/09/2025

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवसी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियमों की प्रभावी एवं सूचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमशः जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) एवं एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) की नियुक्ति किया जाना है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र	पद का नाम	मानदेय (यात्रा व्यय सहित)	पद की संख्या	निर्धारित अवधि	स्तर	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7
1	जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक- वन अधिकार अधिनियम)	30,000/-	01 (अनारक्षित)	01 वर्ष	जिला स्तर	जिला स्तरीय समिति स्तर पर
2	एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम)	20,000/-	03 (01 पद अनु.ज.जा. दिव्यांग 01 अनारक्षित मुक्त 01 अनु.ज.जा.मुक्त)	01 वर्ष	चिन्हित अनुभाग स्तर पर	जिले के उपखण्ड स्तरीय समिति स्तर पर

पद की शर्ते :-

1. यह पद अशासकीय एवं पूर्णतः अस्थायी होंगे तथा निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अतंर्गत सीमित होगें।
2. यह पद पूर्णतः अस्थानांतरणीय (Non Transferable) होगें।
3. धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अतंर्गत वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु वन अधिकार प्रकोष्ठ के गठन हेतु प्राप्त बजट अनुसार प्रथमतः 01 वर्ष तक सीमित होगी एवं द्वितीय वर्ष हेतु बजट प्राप्ति की दशा में द्वितीय वर्ष तक पदावधि का विस्तार होगा।

पात्रता की शर्तें :-

क. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि प्राप्त की हो। कम्प्यूटर का ज्ञान (मान्यता प्राप्त संस्था से PGDCA) होना चाहिए। वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन का (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम के लिए न्यूनतम 03 वर्ष एवं सहायक वन अधिकार अधिनियम के लिए न्यूनतम 02 वर्ष) मैदानी क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव हो जैसे- जिले में जिला स्तरीय वन अधिकार प्रकोष्ठ तथा उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार प्रकोष्ठ में कार्यरत रहे जिला परियोजना समन्वयक तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ता को वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित अनुभव के आधार पर weightage दिया जा सकता है। इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत किसी शासकीय अथवा FRA क्रियान्वयन के क्षेत्र में पंजीकृत अशासकीय संस्था का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

ख. अधिकतम आयु 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

ग. आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए, इस आशय का प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा। जनजातीय परंपराओं, रीतिरिवाजों, संस्कृति की सामान्य जानकारी होनी चाहिए।

घ. अभ्यर्थी को मैदानी क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वयन संबंधित समस्याओं का आंकलन किया जाना होगा। अतः विकलांगता की स्थिति में विशेषज्ञ (चिकित्सक) के मुल्यांकन के आधार पर उम्मिदवारी पर मान्य / विचार किया जावेगा।

4. आवेदन की प्रक्रिया तथा निर्धारित तिथिः-

(i) आवेदन निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण कर तथा आवश्यक दस्तावेज स्वयं सत्यापित कर विज्ञापन जारी होने के दिनांक से (21) इक्कीस दिवस के भीतर जिला मुख्यालय के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के कार्यालय में प्रस्तुत / जमा करेंगे।

(ii) आवेदन पत्र के परीक्षण उपरान्त सही पाये गये आवेदन पत्र के आधार पर पात्रता रखने वाले आवेदकों को संबंधित जिला मुख्यालय में साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। आवेदक को साक्षात्कार हेतु आने जाने का व्यय स्वयं वहन करना होगा।

(iii) साक्षात्कार के समय शैक्षणिक तथा अनुभव संबंधी मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। साक्षात्कार के लिये निर्धारित तिथि से दूरभाष / ईमेल माध्यम से अवगत कराया जावेगा।

(iv) साक्षात्कार हेतु जिला कलेक्टर/अध्यक्ष, डीएलसी द्वारा जिला स्तर पर समिति का गठन किया जावेगा। निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार समिति द्वारा प्रत्येक पात्र आवेदक का साक्षात्कार लिया जायेगा। साक्षात्कार समिति में मुख्यालय से विषय विशेषज्ञों एवं अन्य को आमंत्रित किया जा सकता है।

(v) विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि में प्राप्त प्रतिशत पर अधिकतम 70 अंक, कम्प्यूटर ज्ञान पर अधिकतम 10 अंक, अनुभव (प्रति पूर्ण वर्ष 2 अंक के मान से) अधिकतम 10 अंक, तथा साक्षात्कार पर 10 अंक दिया जाकर मेरिट सूची तैयार कर सफल / चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना की जायेगी। सफल अभ्यर्थियों को 02 सप्ताह में कार्यस्थल पर कार्य पर उपस्थिति देनी होगी अन्यथा कार्य पर उपस्थित न होने की दशा में प्रतीक्षा सूची से अन्य अभ्यर्थी को अवसर दिया जायेगा, इस संबंध में सक्षम प्राधिकरी (जिला कलेक्टर) का निर्णय अंतिम होगा।

(vi) पदस्थापना जिला स्तर पर सक्षम प्राधिकारी (जिला कलेक्टर) द्वारा की जायेगी, इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

पद के कर्तव्य

जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम)- (जिला स्तर)

1. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन अंतर्गत सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में एफआरए शाखा में पदस्थ शाखा प्रभारी को वन अधिकार अधिनियम से संबंधित विभिन्न कार्यों यथा- एफआरए एमपीआर, क्यूपीआर एवं समय-समय पर विभिन्न प्रकार की जानकारियों के संग्रहण एवं विश्लेषण में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
2 वन अधिकार अधिनियम से संबंधित सभी समितियों/ग्रामसभा के सदस्यों/मैदानी कर्मचारियों को एफआरए के क्रियान्वयन अंतर्गत अधिनियम की धारा 3 (1) एवं 3 (2) में उल्लेखित अधिकारों से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा दावा पश्च कार्य जैसे सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सुसंगत योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्धन प्रदान करना। प्रशिक्षण पश्चात वन अधिकार समितियों के सदस्य / मैदानी कर्मचारियों को वन अधिकार दावा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित करना।
3. वन अधिकारों की मान्यता एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति (DLC) एवं जिला स्तरीय निगरानी समिति (DLMC) के गठन/पुनर्गठन, बैठक एवं समिति द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशानुसार कार्यवाही किए जाने में आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
4. वन अधिकारों की मान्यता का दस्तावेजीकरण, दस्तावेजों के संबंधित विभागों के अभिलेखों में अद्यतनीकरण, फौती, नामांतरण आदि कार्यों में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
5. विभाग द्वारा संचालित सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से संबंधित कार्यों के कियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
6. मैदानी क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वयन संबंधित समस्याओं का आंकलन कर निराकरण हेतु संबंधित समितियों, विभागों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित करना।
7. राज्य स्तर एवं अनुभाग स्तर पर एफआरए सेल के बीच समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन को बेहतर करना।
8. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित विभागों के बीच जिला स्तर पर समन्वय स्थापित करना।
9. विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले मैदानी क्षेत्र के निरीक्षण, अध्ययन एवं तकनीकी सहयोग संबंधी भ्रमण के दौरान आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करना।
10. अधिनियम के व्यावहारिक जागरूकता हेतु समय समय पर विभिन्न माध्यम से जैसे जागरूकता शिविर, कार्यशाला एवं परामर्शदात्री बैठकों इत्यादि में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
11. जिला स्तर पर वन अधिकार पर काम कर रहे गैर सरकारी संस्थाओ से वन अधिकार दावा व प्रबंधन प्रक्रिया मे गति हेतु आवश्यक संवाद स्थापित करना।
12. एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) के साथ सामंजस्यपूर्ण कार्य करना एवं वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक मागदर्शन प्रदान करना।
13. विभाग / विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य।
14. संबंधित जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को रिपोर्टिंग करना।
15. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन आनुषांगिक कार्य ही करना।
16. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के समय वनों से संबंधित अन्य विधियों तथा नीतियों संबंधित आवश्यक कार्यवाही को राज्य स्तर से मागदर्शन प्राप्त कर कार्यवाही करना।
17. अनुभाग स्तर पर एफआरए सेल के बीच समन्वय स्थापित करने में सहयोग करना।

एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम)- (उपखण्ड स्तर)

1. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन अंतर्गत अनुभाग / उपखण्ड में पदस्थ वन अधिकार शाखा प्रभारी को वन अधिकार अधिनियम से संबंधित विभिन्न कार्यों यथा- एफआरए एमपीआर, क्यूपीआर एवं समय-समय पर विभिन्न प्रकार की जानकारियों के संग्रहण एवं विश्लेषण में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
2. वन अधिकार अधिनियम से संबंधित सभी समितियों / ग्रामसभा के सदस्यों / मैदानी कर्मचारियों को एफआरए के क्रियान्वयन अंतर्गत अधिनियम की धारा 3 (1) एवं 3 (2) में उल्लेखित अधिकारों से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा दावा पश्च कार्य जैसे सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सुसंगत योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्धन प्रदान करना। प्रशिक्षण पश्चात वन अधिकार समितियों के सदस्य/मैदानी कर्मचारियों को वन अधिकार दावा संबंधी

क्रमशः

(पिछले पृष्ठ का शेष)

समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित करना।

3. वन अधिकारों की मान्यता एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उपखण्ड स्तरीय समिति के गठन/पुनर्गठन, बैठक एवं समिति द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशानुसार कार्यवाही किए जाने में आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
4. वन अधिकारों की मान्यता का दस्तावेजीकरण, दस्तावेजों के संबंधित विभागों के अभिलेखों में अद्यतनीकरण, फौती, नामांतरण आदि कार्यों में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
5. विभाग द्वारा संचालित सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
6. मैदानी क्षेत्र भ्रमण कर कियान्वयन संबंधित समस्याओं का आंकलन कर निराकरण हेतु संबंधित समितियों, विभागों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित करना।
7. जिला स्तर एवं ग्रामसभा तथा मैदानी स्तर के कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन को बेहतर करना।
8. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित विभागों के बीच उपखण्ड/अनुभाग एवं मैदानी स्तर पर समन्वय स्थापित करना।
9. विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले मैदानी क्षेत्र के निरीक्षण, अध्ययन एवं तकनीकी सहयोग संबंधी भ्रमण के दौरान आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करना।
10. अधिनियम के व्यावहारिक जागरूकता हेतु समय समय पर विभिन्न माध्यम से जैसे जागरूकता शिविर, कार्यशाला एवं परामर्शदात्री बैठकों इत्यादि में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
11. मैदानी स्तर पर वन अधिकार पर काम कर रहे गैर सरकारी संस्थाओ से वन अधिकार दावा व प्रबंधन प्रक्रिया मे गति हेतु आवश्यक संवाद स्थापित करना।
12. जिला परियोजना समन्वयक के साथ सामंजस्यपूर्ण कार्य करना एवं वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
13. विभाग/विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य।
14. पदेन सचिव, उपखण्ड स्तरीय समिति को रिपोर्टिंग करना।
15. वन अधिकार अधिनियम के कियान्वयन आनुषांगिक कार्य ही करना।
16. वन अधिकार समितियों के सदस्य / मैदानी कर्मचारियों को एफआरए के क्रियान्वयन से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना एवं समस्याओं का निराकरण में सहयोग करना।

(कलेक्टर/अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जगदलपुर

पद नाम------------ आवेदन पंजीकरण क्रमांक-------------------------
(कार्यालयीन उपयोग के लिये)

आवेदन हेतु निर्धारित प्रपत्र
वर्ष 2025-26

स्वयं सत्यापित फोटो चस्पा करें

1. आवेदक का नामः
2. पिता का नाम :
3. जन्म तिथि (DD/MM/YYYY):
4. आवेदक की श्रेणी :(सामान्य/अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व.)
5. मूल निवासी :
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. निवास का पता ई-मेल सहित : (फोन/मोबाईल नंबर)
7. शैक्षणिक योग्यताः (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

क्र	बोर्ड परीक्षा का नाम	शामिल होने का वर्ष	परीक्षा परिणाम	प्रतिशत
1	हाईस्कूल			
2	हायर सेकेण्डरी			
3	स्नातक			
4	अन्य			

8. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन का अनुभव की कुल अवधिः
(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

क्र	शासकीय/अशासकीय संस्था का नाम	कार्य अवधि		कार्याभार का प्रकार
		कब से	कब तक	

घोषणा पत्र

मैं------ घोषणा करता हूं कि उपरोक्त दी गई जानकारी सही है। दी गई जानकारी गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

हस्ताक्षर---------
नाम-------------
दिनांक-----------

आर.ओ.143/जी-252603494/4

कार्यालय अधिष्ठाता
भारत रत्न स्व० श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति, चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगॉव (छ.ग.)

Office Phone: 07744-296105, Website: abvmgmerajnandgaon.ac.in
Email: gmc.rjn@gmail.com

क्रमांक / 5395 / चिकि./स्था./2025 राजनांदगांव, दिनांक---/09/2025

// संविदा भर्ती सूचना //

7.3 शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण-पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

टीप :- आवेदक द्वारा आवेदन में दिये गए अनुभव को मान्य करने के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी (जिला कलेक्टर) का निर्णय अंतिम होगा।

8. प्राप्त आवेदन पत्रों में से पात्र आवेदकों का ही अंकीय प्रणाली के आधार पर मैरिट सूची तैयार करते हुए व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा (जहां लागू हो) के आधार पर चयन सूची तैयार किया जावेगा।

9. योजना के अंतर्गत नियुक्त संविदा कर्मचारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित होगे।

10. नियुक्ति प्राधिकारीः- जिला स्तर पर चाईल्ड हेल्पलाईन यूनिट के पदों के लिए जिला कलेक्टर (पदेन अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति) नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी होंगे।

11. अंकीय प्रणालीः- निर्धारित मापदंडों के आधार पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभ्यर्थिया का प्रावीण्य सूची अंकीय प्रणाली के आधार पर तैयार किया जायेगा। मूल्यांकन हेतु की गणना निम्नानुसार होगी :-

11.1 अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांक के प्रतिशत पर 60 प्रतिशत अंक दिये जायेंगे।

11.2 निर्धारित न्यूनतम अनुभव पर कोई अंक देय नहीं होगा किंतु निर्धारित न्यूनतम अनुभव अवधि के पश्चात् प्रत्येक 01 वर्ष के अनुभव पर 02 अंक दिये जायेंगे, जो अधिकतम 10 अंक तक होगा।

11.3 आपातकालीन हेल्पलाईन के क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वाले आवेदक को बोनस अंक के रूप में प्रति वर्ष के लिए, 02 अंक दिये जायेंगे, जो अधिकतम 10 अंक तक होगा।

11.4 उपरोक्त में से प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जाएगी।

11.5 व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु 20 अंक निर्धारित रहेंगे।

11.6 अभ्यर्थियों के प्रावीण्य सूची में समान अंक होने की दशा में अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जावेगी। यदि उम्र भी समान हो तो न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

12. उपरोक्तानुसार अंकीय प्रणाली के आधार पर क्रमांक 16 के उप कंडिका 11.1, 11.2 एवं 11.3 पर प्राप्त कुल अंको के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी। चयन हेतु प्रावीण्य सूची में 01 पद के लिए एक अनुपात दस (1:10) के अनुपात में व्यक्तिगत साक्षात्कार / कौशल परीक्षा हेतु आवेदकों को आमंत्रित किया जायेगा।

12.1 जिला स्तरीय चाईल्ड हेल्पलाईन युनिट में केस वर्कर के पद के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया जावेगा।

12.2 जिला स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा उपरोक्तानुसार प्राप्त अंकों के आधार पर समग्र प्रावीण्य सूची एवं प्रवर्गवार प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी। प्रावीण्य सूची में अपने प्रवर्ग में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का नियुक्ति आदेश संबंधित नियुक्ति

क्रमशः

प्राधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा।

12.3 उक्त पद के लिये 25 प्रतिशत अथवा 03 जो भी अधिक हो, अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जायेगा। चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची की वैधता, चयन सूची प्रकाशन तिथि से 01 वर्ष तक रहेगी।

13. नियुक्ति की अवधि :-

13.1 इन पदों पर प्रथम बार में अधिकतम 03 वर्ष या भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि, जो भी पहले हो, की अवधि हेतु नियुक्त किया जाएगा।

13.2 चाईल्ड हेल्पलाईन में कार्य की आवश्यकता होने पर वार्षिक कार्य मूल्यांकन एवं नियंत्रणकर्ता अधिकारी की अनुशंसा के आधार पर उपयुक्तता का आंकलन कर एक बार में संविदा सेवा अवधि अधिकतम 03 वर्ष के लिए जिला स्तर पर जिला कलेक्टर (पदेन अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति) द्वारा संविदा अवधि वृद्धि करने का निर्णय लिया जा सकेगा। संविदा वृद्धि नहीं किये जाने की स्थिति में सेवा स्वमेव समाप्त मानी जाएगी।

13.3 चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। संविदा सेवा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर सेवा समाप्त की जा सकती है। विशेष परिस्थितियों में बिना कारण बतायें भी सेवा समाप्त की जा सकती है।

13.4 इन पदों की अवधि भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि तक ही सीमित होगी एवं तदोपरांत पद समाप्त कर दिये जायेंगे। पद समाप्ति के उपरांत इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

13.5 नियुक्ति के पश्चात भी यदि नियुक्ति संबंधी अर्हताओं एवं शर्तों का पूरा करना नहीं पाया जाता है तो नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी।

14. आवेदन के संबंध में निर्देश निम्नानुसार है:-

14.1 आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे एवं इस संबंध में अभ्यर्थियों को कोई सूचना नहीं दी जायेगी।

14.2 आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

14.3 आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।

14.4 निर्धारित अर्हता एवं शर्तों को पूरा न करने पर चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक का आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।

15. चयन संबंधी विवाद की दशा में नियोक्ता का निर्णय अंतिम होगा।

16. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट https://sukma.gov.in पर देखी जा सकती है।

17. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में सही पता, ई-मेल आईडी व मोबाईल नं का उल्लेख कि जावे, ताकि चयनित अभ्यर्थियों को सूचना दी जा सके।

टीप :-

1. दस्तावेज सत्यापन के समय समस्त वांछित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।
2. व्यक्तिगत साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

जिला म.बा. वि. अधिकारी
जिला-सुकमा (छ.ग.)

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा भाग आवेदन पत्र में होना चाहिए

प्रति

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला- सुकमा (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम ------------------------------
2. आवेदन का नाम (हिन्दी में) ------------------------------
   (अंग्रेजी में) ------------------------------
3. पिता/पति का नाम ------------------------------
4. स्थायी पता
5. (पत्र व्यवहार का पता) ---------दूरभाष/मोबाईल-----------
6. जन्मतिथि (अंको में)
   शब्दों में ------------------------------
7. दिनांक 01/01/2025 को आयु ------------------------------
8. लिंग पुरूष/महिला ------------------------------
9. जाति/वर्ग (अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति.---------वर्ग----------
10. क्या आवेदन शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है?------------------
11. विवाहित/अविवाहित / विधुर/परित्यक्तता :----------------
12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि-----------एवं जीवित बच्चों की संख्या----
13 शैक्षणिक योग्यताः-
(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क्र	उत्तीर्ण परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि./संस्था का नाम	पूर्णाक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी

14. अन्य योग्यता का विवरण :---------------------------
15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :---------------------------

संस्था का नाम	पदनाम	अनुभव का विवरण		वेतन	पद छोड़ने का कारण
		कब से	कब तक		

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूचीः-
1. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होने संबंधी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
2. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण
3. 12वीं की अंकसूची
4. स्नातक की अंकसूची ( )
5. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
7. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नकों का विवरण
1----------2----------3------------4----------
5----------6----------7------------8----------

आवेदक का हस्ताक्षर---------
आवेदक का नाम-----------

घोषणा-पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते है, तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थानः-------------
दिनांकः------------

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमशः जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम) एवं एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम) की नियुक्ति किया जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र	पद का नाम	मानदेय	पद की संख्या	निर्धारित अवधि	स्तर	रिमार्क
1	जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक- वन अधिकार अधिनियम)	30,000/-	01	01 वर्ष	जिला स्तर	जिला स्तरीय समिति स्तर पर
2	एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम)	20,000/-	02	01 वर्ष	अनुभाग स्तर पर (लैलुंगा एवं धरमजयगढ़)	उपखण्ड स्तरीय समिति स्तर पर

पद की शर्तें:-

1. यह पद अशासकीय एवं पूर्णतः अस्थायी होंगे तथा निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे।
2. यह पद पूर्णतः अस्थानांतरणीय (Non Transferable) होंगे।
3. धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु वन अधिकार प्रकोष्ठ के गठन हेतु प्राप्त बजट अनुसार प्रथमतः 01 वर्ष तक सीमित होगी एवं द्वितीय वर्ष हेतु बजट प्राप्ति की दशा में द्वितीय वर्ष तक पदावधि का विस्तार होगा।

पात्रता की शर्तें:-

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि प्राप्त की हो। कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिये, जिसमें एमएस ऑफिस इत्यादि सम्मिलित है।
वन अधिकार अधिनियम, 2006 के कियान्वयन का (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम के लिए न्यूनतम 03 वर्ष एवं सहायक वन अधिकार अधिनियम के लिए न्यूनतम 02 वर्ष) मैदानी क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव हो जैसे जिले में जिला स्तरीय वन अधिकार प्रकोष्ठ तथा उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार प्रकोष्ठ में कार्यरत रहे जिला परियोजना समन्वयक तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ता को वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य कुशलता एवं प्रदर्शन के आधार पर अनुभव का weightage दिया जा सकता है। इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत किसी शासकीय अथवा FRA क्रियान्वयन के क्षेत्र में पंजीकृत अशासकीय संस्था का अनुभव प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा ।
2. अधिकतम आयु 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।
3. आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिये, इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। जनजातीय पंरपराओं, रीतिरिवाजों, संस्कृति की सामान्य जानकारी होनी चाहिये।

4. आवेदन की प्रक्रिया तथा निर्धारित तिथि :-

(i) आवेदन निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण कर तथा आवश्यक दस्तावेज स्वयं सत्यापित कर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायगढ़ के कार्यालय में रजिस्ट्रर डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करेंगे।

(ii) आवेदन पत्र के परीक्षण उपरान्त सही पाये गये आवेदन पत्र के आधार पर पात्रता रखने वाले आवेदकों को संबंधित जिला मुख्यालय में साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। आवेदक को साक्षात्कार हेतु आने जाने का व्यय स्वयं वहन करना होगा।

(iii) साक्षात्कार के समय शैक्षणिक तथा अनुभव संबंधी मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। साक्षात्कार के लिये निर्धारित तिथि से दूरभाष / ईमेल माध्यम से अवगत कराया जावेगा।

(iv) साक्षात्कार हेतु जिला कलेक्टर/अध्यक्ष, डीएलसी द्वारा जिला स्तर पर समिति का गठन किया जायेगा। निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार समिति द्वारा प्रत्येक पात्र आवेदक का साक्षात्कार लिया जायेगा। साक्षात्कार समिति में मुख्यालय से विषय विशेषज्ञों एवं अन्य को आमंत्रित किया जा सकता है।

(v) 50 प्रतिशत अंक साक्षात्कार पर तथा 50 प्रतिशत अंक स्नातक परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर दिया जाकर मेरिट सूची तैयार कर सफल / चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना की जायेगी। सफल अभ्यर्थियों को 02 सप्ताह में कार्यस्थल पर कार्य पर उपस्थिति देनी होगी अन्यथा कार्य पर उपस्थित न होने की दशा में प्रतीक्षा सूची से अन्य अभ्यर्थी को अवसर दिया जायेगा, इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी (जिला कलेक्टर) का निर्णय अंतिम होगा।

(vi) पदस्थापना जिला स्तर पर सक्षम प्राधिकारी (जिला कलेक्टर) द्वारा की जायेगी, इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

पद के कर्तव्य

जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) (जिला स्तर)

1. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन अंतर्गत सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में एफआरए शाखा में पदस्थ शाखा प्रभारी को वन अधिकार अधिनियम से संबंधित विभिन्न कार्यों यथा- एफआरए एमपीआर, क्यूपीआर एवं समय-समय पर विभिन्न प्रकार की जानकारियों के संग्रहण एवं विश्लेषण में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
2. वन अधिकार अधिनियम से संबंधित सभी समितियों/ग्रामसभा के सदस्यों / मैदानी कर्मचारियों को एफआरए के क्रियान्वयन अंतर्गत अधिनियम की धारा 3(1) एवं 3(2) में उल्लेखित अधिकारों से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा दावा पश्च कार्य जैसे सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सुसंगत योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्धन प्रदान करना। प्रशिक्षण पश्चात वन अधिकार समितियों के सदस्य / मैदानी कर्मचारियों को वन अधिकार दावा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित करना।
3. वन अधिकारों की मान्यता एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति (DLC) एवं जिला स्तरीय निगरानी समिति (DLMC) के गठन/पुनर्गठन, बैठक एवं समिति द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशानुसार कार्यवाही किए जाने में आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
4. वन अधिकारों की मान्यता का दस्तावेजीकरण, दस्तावेजों के संबंधित विभागों के अभिलेखों में अद्यतनीकरण, फौती, नामांतरण आदि कार्यों में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
5. विभाग द्वारा संचालित सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
6. मैदानी क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वयन संबंधित समस्याओं का आंकलन कर निराकरण हेतु संबंधित समितियों, विभागों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित करना।
7. राज्य स्तर एवं अनुभाग स्तर पर एफआरए सेल के बीच समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन को बेहतर करना।
8. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित विभागों के बीच जिला स्तर पर समन्वय स्थापित करना।
9. विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले मैदानी क्षेत्र के निरीक्षण, अध्ययन एवं तकनीकी सहयोग संबंधी भ्रमण के दौरान आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करना।
10. अधिनियम के व्यावहारिक जागरूकता हेतु समय समय पर विभिन्न माध्यम से जैसे जागरूकता शिविर, कार्यशाला एवं परामर्शदात्री बैठकों इत्यादि में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
11. जिला स्तर पर वन अधिकार पर काम कर रहे गैर सरकारी संस्थाओ से वन अधिकार दावा व प्रबंधन प्रक्रिया में गति हेतु आवश्यक संवाद स्थापित करना।
12. एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम) के साथ सामंजस्यपूर्ण कार्य करना एवं वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक मागदर्शन प्रदान करना।
13. विभाग / विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य।
14. संबंधित जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को रिपोर्टिंग करना।
15. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन आनुषांगिक कार्य ही करना।
16. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के समय वनों से संबंधित अन्य विधियों तथा नीतियों संबंधित आवश्यक कार्यवाही को राज्य स्तर से मागदर्शन प्राप्त कर कार्यवाही करना।
17. अनुभाग स्तर पर एफआरए सेल के बीच समन्वय स्थापित करने में सहयोग करना।

एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम)-(उपखण्ड स्तर)

1. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन अंतर्गत अनुभाग / उपखण्ड में पदस्थ वन अधिकार शाखा प्रभारी को वन अधिकार अधिनियम से संबंधित विभिन्न कार्यों यथा-एफआरए एमपीआर, क्यूपीआर एवं समय-समय पर विभिन्न प्रकार की जानकारियों के संग्रहण एवं विश्लेषण में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।

क्रमशः

(पिछले पृष्ठ का शेष)

2. वन अधिकार अधिनियम से संबंधित सभी समितियों/ ग्रामसभा के सदस्यों/मैदानी कर्मचारियों को एफआरए के क्रियान्वयन अंतर्गत अधिनियम की धारा 3 (1) एवं 3(2) में उल्लेखित अधिकारों से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा दावा पश्च कार्य जैसे सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सुसंगत योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्धन प्रदान करना। प्रशिक्षण पश्चात वन अधिकार समितियों के सदस्य/मैदानी कर्मचारियों को वन अधिकार दावा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित करना।
3. वन अधिकारों की मान्यता एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उपखण्ड स्तरीय समिति के गठन/पुनर्गठन, बैठक एवं समिति द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशानुसार कार्यवाही किए जाने में आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
4. वन अधिकारों की मान्यता का दस्तावेजीकरण, दस्तावेजों के संबंधित विभागों के अभिलेखों में अद्यतनीकरण, फौत्ती, नामांतरण आदि कार्यों में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
5. विभाग द्वारा संचालित सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
6. मैदानी क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वयन संबंधित समस्याओं का आंकलन कर निराकरण हेतु संबंधित समितियों, विभागों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित करना।
7. जिला स्तर एवं ग्रामसभा तथा मैदानी स्तर के कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन को बेहतर करना।
8. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित विभागों के बीच उपखण्ड/अनुभाग एवं मैदानी स्तर पर समन्वय स्थापित करना।
9. विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले मैदानी क्षेत्र के निरीक्षण, अध्ययन एवं तकनीकी सहयोग संबंधी भ्रमण के दौरान आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करना।
10. अधिनियम के व्यावहारिक जागरूकता हेतु समय समय पर विभिन्न माध्यम से जैसे जागरूकता शिविर, कार्यशाला एवं परामर्शदात्री बैठकों इत्यादि में आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
11. मैदानी स्तर पर वन अधिकार पर काम कर रहे गैर सरकारी संस्थाओ से वन अधिकार दावा व प्रबंधन प्रक्रिया में गति हेतु आवश्यक संवाद स्थापित करना।
12. जिला परियोजना समन्वयक के साथ सामंजस्यपूर्ण कार्य करना एवं वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक सहयोग प्रदान करना।
13. विभाग / विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य।
14. पदेन सचिव, उपखण्ड स्तरीय समिति को रिपोर्टिंग करना।
15. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन आनुषांगिक कार्य ही करना।
16. वन अधिकार समितियों के सदस्य/मैदानी कर्मचारियों को एफआरए के क्रियान्वयन से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना एवं समस्याओं का निराकरण में सहयोग करना।

17 आवेदन की अंतिम तिथियां :-

क्र.	विवरण	आवेदन करने की अंतिम तिथि
1	आवेदन करने की अंतिम तिथि	06 अक्टूबर 2025

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़ (छ.ग.)

आवेदन पंजीकरण क्रमांक----------------------
(कार्यालयीन उपयोग के लिये)

आवेदन हेतु निर्धारित प्रपत्र
वर्ष 2025-26

1. आवेदक का नामः
2. पिता का नाम :
3. जन्म तिथि (DD/MM/YYYY):
4. आवेदक की श्रेणी :
(सामान्य/अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व.)
5. मूल निवासी :
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. निवास का पता ई-मेल सहित : (फोन/मोबाईल नंबर)
7. शैक्षणिक योग्यताः (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

क्र	बोर्ड परीक्षा का नाम	शामिल होने का वर्ष	परीक्षा परिणाम	प्रतिशत
1	हाईस्कूल			
2	हायर सेकेण्डरी			
3	स्नातक			
4	अन्य			

8. वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन का अनुभव की कुल अवधिः
(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

क्र	शासकीय/अशासकीय संस्था का नाम	कार्य अवधि		कार्य की प्रकृति विवरण देवें
		कब से	कब तक	

घोषणा पत्र

मैं------------ घोषणा करता हूं कि उपरोक्त दी गई जानकारी सही है। दी गई जानकारी गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

दिनांक-----------
स्थान------------ हस्ताक्षर---------
नाम-------------

भारत सरकार रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन रक्षा मंत्रालय
एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग एस एफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर-494001 (छत्तीसगढ़)

विज्ञापन सं. : एसएफसी/एचआरडी/जेआरएफ/चयन/03/2025 **दिनांकः 05/08/2025**

निम्नलिखित फेलोशिप प्रारंभ में दो वर्ष की अवधि (नियमानुसार विस्तार योग्य) के लिए, 37,000/- रुपये की मासिक फेलोशिप पर उपलब्ध हैं (नियमानुसार आवास किराया भत्ता और चिकित्सा सुविधाएं स्वीकार्य होंगी). निम्नलिखित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं.

क्र. सं.	फेलोशिप का प्रकार	फेलोशिप की सं.	विषय/क्षेत्र	शैक्षिक योग्यता
01	जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ)	01	रसायन विज्ञान	सीएसआईआर-यूजीसी नेट/गेट के साथ प्रथम श्रेणी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम (एम.एससी) में स्नातक की डिग्री.
02	जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ)	01	केमिकल इंजीनियरिंग	व्यावसायिक पाठ्यक्रम (बी.ई./बी.टेक.) में स्नातक डिग्री, नेट/गेट के साथ प्रथम श्रेणी में अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम (एम.ई./एम.टेक.) में स्नातकोत्तर डिग्री, स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी में.
03	जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ)	01	इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग	व्यावसायिक पाठ्यक्रम (बी.ई./बी.टेक.) में स्नातक डिग्री, नेट/गेट के साथ प्रथम श्रेणी में अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम (एम.ई./एम.टेक.) में स्नातकोत्तर डिग्री, स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी में.

ऊपरी आयु सीमाः आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक जेआरएफ के लिए 28 वर्ष. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी.

सभी प्रकार से भरा हुआ, साफ-सुथरा टाइप किया हुआ/लिखित आवेदन, पूरे बायोडाटा के साथ, विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से **11 दिनों के भीतर महाप्रबंधक, एसएफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर-494001 (छत्तीसगढ़)** के पते पर पहुंचना सुनिश्चित करें. आवेदन के पहले पृष्ठ के ऊपरीकोने पर पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटोग्राफ चिपकाएं. कृपया आवेदन के साथ महाप्रबंधक, एसएफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर के पक्ष में 10/- रुपये का क्रॉस किया हुआ भारतीय पोस्टल ऑर्डर भेजें. (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को इस भुगतान से छूट प्राप्त है). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को समुचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए.

उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय मूल प्रमाणपत्र/प्रशंसा पत्र प्रस्तुत करने होंगे. कृपया ध्यान दें कि फेलोशिप की पेशकश से फेलो को डीआरडीओ में शामिल होने का कोई अधिकार नहीं मिलता.

आवेदन प्रपत्र

विज्ञापन सं. और दिनांक

पासपोर्ट आकार का हाल का फोटो चिपकाएं (3.5 सेमी x 4.5 सेमी)

1. आवेदित पदः
2. नाम (पूरा नाम):
3. पिता का नामः
4. जन्म तिथिः
5. पत्राचार का पताः
6. स्थायी पताः
7. मोबाइल नं.:
8. ईमेल आईडीः
9. क्या आप अजा/अजजा/अपिव हैं:
10. शैक्षणिक योग्यता (10वीं कक्षा से)

योग्यता	संस्थान/विश्वविद्यालय	उत्तीर्णता का वर्ष	विषय	प्रतिशत अंक

11. अनुभव (उसकी प्रति संलग्न करें)

पद धारण	नियोक्ता का नाम	तिथि से	तिथि तक	कार्य की प्रकृति	वेतन

12. कोई अन्य विवरण

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि ऊपर दिए गए विवरण सही हैं.

दिनांक : .... **हस्ताक्षर**

ऊपर दी गई योग्यताएं इन पदों के लिए न्यूनतम आवश्यकता हैं. इन योग्यताओं वाले सभी आवेदकों को साक्षात्कार के लिए नहीं भी बुलाया जा सकता है. यदि उनकी संख्या अधिक है, तो उपरोक्त विषय में लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है. केवल योग्यता के आधार पर सूचीबद्ध उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा और अन्य उम्मीदवार यह मान सकते हैं कि उन्हें योग्यता के आधार पर सूचीबद्ध नहीं किया गया है. अपूर्ण आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं. कृपया लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखते हुए विज्ञापन सं. का उल्लेख करें.

(मानव संसाधन प्रमुख)
कृते महाप्रबंधक

दक्षिण रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ

सं. 5, डॉ.पी.वी. चेरियन क्रिसेंट सलाई, (एथिराज कॉलेज के पीछे)

एगमोर, चेन्नई -600 008 www.rrcmas.in

रोजगार सूचना सं RRC-02/Sport/2025-26 दिनांक 13/09/2025

वर्ष 2025-26 के लिए खेलकूद कोटा के अंतर्गत खिलाड़ियों की भर्ती हेतु अधिसूचना (खुला विज्ञापन)

दक्षिण रेलवे में वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय नागरिकों से पात्र खिलाड़ियों से खुली विज्ञापन योजना के अनुसार खेलकूद कोटा के अंतर्गत सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स लेवल-1 से वेतन मैट्रिक्स लेवल-5 तक के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

महत्वपूर्ण

आवेदन प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय	**13.09.2025 प्रातः 09:00 बजे**
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	**12.10.2025 रात्रि 23:59 बजे**

1.1 कृपया इस अधिसूचना में दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले सुनिश्चित कर लें कि आप आवेदन करने के पात्र हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने के विस्तृत निर्देश **www.rrcmas.in** पर उपलब्ध हैं।

1.2 उम्मीदवारों को नियमित अपडेट के लिए वेबसाइट को नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे सर्वर पर अत्यधिक लोड के कारण आवेदन जमा करने में किसी भी विफलता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन जमा कर दें।

1.3 यदि उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी ई-मेल आईडी बनानी चाहिए और भर्ती प्रक्रिया के अंत तक उसी ई-मेल आईडी और मोबाइल संख्या को सक्रिय रखना चाहिए। चयन प्रक्रिया पूरी होने तक उम्मीदवारों को अपना मोबाइल संख्या और ईमेल आईडी नहीं बदलना चाहिए। यदि बीच में मोबाइल संख्या और ईमेल आईडी बदली जाती है, तो प्रशासन सूचना प्राप्त न होने के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर प्रशासन द्वारा किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

क) लेवल-4 / 5 के पदों पर भर्ती के लिए:

लेवल - 4 / 5		
खेल अनुशासन	**इवेंट / स्थान / श्रेणी**	**पदों की संख्या**
एथलेटिक्स (महिला)	ट्रिपल जंप / 400 मीटर	1
मुक्केबाजी (महिला)	48-51 किग्रा / 57-60 किग्रा	1
क्रिकेट (पुरुष)	तेज़ गेंदबाज़	1
टेनिस (पुरुष)	एकल	2
	कुल	**5**

नोटः यदि उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण किसी विशेष खेल अनुशासन के लेवल 4/5 में रिक्तियां नहीं भरी जाती हैं, तो ऐसी रिक्तियां उसी अनुशासन से लेवल 2 / 3 में भरी जाएंगी।

ख) लेवल-2 / 3 के पदों पर भर्ती के लिए।

लेवल - 2 / 3		
खेल अनुशासन	**इवेंट / स्थान / श्रेणी**	**पदों की संख्या**
एथलेटिक्स (पुरुष)	200 मीटर, 400 मीटर बाधा दौड़, 800 मीटर, ऊँची कूद, हैमर थ्रो	2
एथलेटिक्स (महिला)	100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, हेप्टाथलॉन	2
बास्केटबॉल (पुरुष)	सेंटर	1
बास्केटबॉल (महिला)	1-पॉइंट गार्ड, 3-फॉरवर्ड	4
मुक्केबाजी (पुरुष)	47-50 किग्रा, 90 किग्रा से ऊपर	1
क्रिकेट (पुरुष)	सलामी बल्लेबाज	2
क्रिकेट (महिला)	लेफ्ट आर्म स्पिनर	1
गोल्फ(पुरुष)		1
तैराकी (पुरुष)	50 मीटर /100 मीटर/200 मीटर-बटरफ्लाई स्ट्रोक	1
टेनिस (पुरुष)	एकल / युगल	1
	कुल	**16**

ग) लेवल-1 के पदों पर भर्ती के लिए

लेवल-1		
खेल अनुशासन	**इवेंट / स्थान / श्रेणी**	**पदों की संख्या**
एथलेटिक्स (पुरुष)	400 मीटर बाधा दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर, 3000 मीटर स्टीपल चेज़, भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो	5
एथलेटिक्स (महिला)	100 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर, 3000 मीटर स्टीपल चेज़, ट्रिपल जंप, ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, गोला फेंक, भाला फेंक	5
बास्केटबॉल (पुरुष)	2-फॉरवर्ड, 1-पॉइंट गार्ड	3
मुक्केबाजी (पुरुष)	60-65 किग्रा, 70-75 किग्रा, 75-80 किग्रा, 80-85 किग्रा, 90 किग्रा से अधिक	4
मुक्केबाजी (महिला)	45-48 किग्रा, 48-51 किग्रा, 51-54 किग्रा, 54-57 किग्रा, 57-60 किग्रा, 60-65 किग्रा, 70-75 किग्रा, 75-80 किग्रा	5
क्रिकेट (पुरुष)	2-तेज गेंदबाज, 1- लेग स्पिनर गेंदबाजी ऑलराउंडर	3
क्रिकेट (महिला)	सलामी बल्लेबाज	1
फुटबॉल (पुरुष)	2-फॉरवर्ड, 2-मिडफील्डर, 1-डिफेंडर	5
गोल्फ (पुरुष)	-	1
हॉकी (पुरुष)	3-फॉरवर्ड, 3-डिफेंडर	6
तैराकी (पुरुष)	1-(50 मीटर / 100 मीटर / 200 मीटर - बैकस्ट्रोक) 1-(50 मीटर / 100 मीटर / 200 मीटर - ब्रेस्ट स्ट्रोक)	2
भारोत्तोलन (पुरुष)	89 किग्रा, 96 किग्रा, 109 किग्रा	2
भारोत्तोलन (महिला)	49 किग्रा, 59 किग्रा, 64 किग्रा, 71 किग्रा, 76 किग्रा, 87 किग्रा, 87 किग्रा से अधिक	4
	कुल	**46**

नोटः (i) कोई भी पद विशेष रूप से किसी भी समुदाय जैसे ओबीसी, एससी और एसटी आदि के लिए आरक्षित नहीं है।

(ii) उम्मीदवारों के आवेदन केवल ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए।

(iii) एक से अधिक खेल / प्रतियोगिताओं के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक खेल / प्रतियोगिता के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अलग से शुल्क का भुगतान करना होगा।

(iv) खेल प्रतियोगिताओं के लिए / विभिन्न वेतन लेवलों वाले पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक वेतन लेवल वाले पदों के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अलग से शुल्क का भुगतान करना होगा।

(v) जहाँ भी लागू हो, किसी खेल / प्रतियोगिता में किसी विशेष पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में, उस पद को खेल / प्रतियोगिता के किसी अन्य पद के लिए उपयुक्त पाए गए उम्मीदवारों से नहीं भरा जाएगा।

d) ट्रायल की तिथिः उपरोक्त पदों पर भर्ती के लिए ट्रायल की तिथि, स्थान और समय का विवरण रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई, दक्षिण रेलवे की वेबसाइट **www.rrcmas.in** पर प्रदर्शित किया जाएगा।

2. पात्रता की शर्तेः

क) आयु सीमाः उम्मीदवारों की आयु 01.01.2026 को 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i)	**जन्मतिथि**	**02.01.2001 और 01.01.2008 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित)**
ii)	**आयु में कोई छूट (अधिक या कम) नहीं दी जाएगी।**	
iii)	**आयु गणना की तिथि 1 जनवरी 2026 होगी।**	

नोट 1: उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि आवेदन के साथ जमा की गई 10वीं कक्षा / मैट्रिकुलेशन / माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र या 12वीं कक्षा / एचएससी या समकक्ष में दर्ज जन्मतिथि ही स्वीकार की जाएगी।

नोट 2: उम्मीदवारों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि, एक बार उनके द्वारा जन्मतिथि का दावा कर दिए जाने और प्रशासन के अभिलेखों में दर्ज हो जाने के बाद, किसी भी आधार पर उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

3.0 पद और शैक्षिक योग्यताः

3.1 पदों का वेतनवार वितरण नीचे दिया गया है:

पद विवरण	
7वें वेतन आयोग वेतन मैट्रिक्स में लेवल	**पदों की संख्या**
लेवल 4 और 5	5
लेवल 2 और 3	16
लेवल 1	46
कुल	**67**

वेतन विवरण	
7वें वेतन आयोग वेतन मैट्रिक्स में लेवल	**प्रारंभिक वेतन रु. में**
लेवल - 1	रु. 18,000 / -
लेवल - 2	रु. 19,900 / -
लेवल - 3	रु. 21,700 / -
लेवल - 4	रु. 25,500 / -
लेवल - 5	रु. 29,200 / -

3.2 खिलाड़ी के पास उस पद के लिए लागू न्यूनतम शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए जिस पर उसे नीचे दिए गए विवरण के अनुसार नियुक्त किया जाना है।

* रेलवे में भर्ती के लिए आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता

(i) 7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के लेवल 1 के पदों के लिए - 10वीं उत्तीर्ण या आईटीआई या समकक्ष या एनसीवीटी द्वारा अनुमोदित एनएसी

(ii) 7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के लेवल 2 / 3 के पदों के लिए - 12वीं (+2 चरण) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण या तकनीकी श्रेणियों के लिए मैट्रिकुलेशन और एक्ट अप्रेंटिसशिप पाठ्यक्रम पूरा किया हुआ उत्तीर्ण या तकनीकी श्रेणियों के लिए मैट्रिकुलेशन और एनसीवीटी / एससीवीटी द्वारा अनुमोदित आईटीआई उत्तीर्ण।

(iii) सातवें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के लेवल 4 / 5 के पदों के लिए - स्नातक

नोटः यदि किसी व्यक्ति को क्लर्क-सह-टाइपिस्ट की श्रेणी में नियुक्त किया जाता है, तो उसे नियुक्ति की तिथि से 4 वर्ष की अवधि के भीतर अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग दक्षता हासिल करनी होगी और तब तक इस श्रेणी में उनकी नियुक्ति अनंतिम रहेगी।

3.3 वेतन मैट्रिक्स में विशिष्ट लेवल और तैनाती का स्थान दक्षिण रेलवे प्रशासन द्वारा चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति देते समय निम्नलिखित के आधार पर तय किया जाएगा।

(क) पदों की उपलब्धता

(ख) शैक्षिक योग्यताएँ

(ग) खेल उपलब्धियाँ और

(घ) भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त न्यूनतम अर्हक अंक।

3.4 जो उम्मीदवार अंतिम परीक्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं या अंतिम परीक्षा के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

3.5 न्यूनतम शैक्षिक योग्यता में कोई छूट स्वीकार्य नहीं होगी। शैक्षिक योग्यता किसी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से होनी चाहिए।

4. खेल उपलब्धियों की गणना की अवधिः

इस अधिसूचना के अंतर्गत भर्ती के लिए, मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धियाँ वर्तमान और / या तत्काल पिछले दो वित्तीय वर्षों की होनी चाहिए और खिलाड़ी सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए। अर्थात्, जिन खेल उपलब्धियों पर विचार किया जा रहा है, वे अधिसूचना की तिथि से 01.04.2023 या उसके बाद की होनी चाहिए। खेल उपलब्धियों की वैधता के लिए, चैंपियनशिप के समापन दिवस को ध्यान में रखा जाएगा। खेलों में आगे की उपलब्धि का मूल्यांकन ट्रायल के दौरान उसके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

5. पूरे किए जाने वाले खेल मानदंडः

5.1 अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप का वर्गीकरणः भर्ती के उद्देश्य से, अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप / प्रतियोगिताओं को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है:

श्रेणी - बी	विश्व कप (जूनियर / युवा / सीनियर वर्ग) विश्व चैंपियनशिप (जूनियर / सीनियर वर्ग) एशियाई खेल (सीनियर वर्ग) राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर वर्ग) युवा ओलंपिक चैंपियंस ट्रॉफी (हॉकी) डेविस कप (टेनिस)
श्रेणी - सी	राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप (जूनियर / सीनियर वर्ग) एशियाई चैंपियनशिप / एशिया कप (जूनियर / सीनियर वर्ग) दक्षिण एशियाई महासंघ (एसएएफ) खेल (सीनियर वर्ग) यूएसआईसी (विश्व रेलवे) चैंपियनशिप (सीनियर वर्ग) विश्व विश्वविद्यालय खेल

क्रमशः

5.2 खिलाड़ियों की भर्ती के लिए न्यूनतम मानदंड:

लेवल-1 से लेवल-5 तक में खिलाड़ियों की भर्ती के लिए न्यूनतम खेल मानदंड 7वें वेतन आयोग में वेतन मैट्रिक्स व्यक्तिगत स्पर्धाओं और टीम खेलों दोनों के लिए निम्नानुसार होगा: (नोट: इन प्रावधानों को इस अनुच्छेद के नीचे दिए गए नोटों के साथ पढ़ा जाएगा)

क्र.सं.	7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में लेवल	भर्ती के लिए न्यूनतम खेल मानदंड
1	लेवल-4 या 5	विश्व कप (जूनियर / युवा / सीनियर वर्ग) / विश्व चैंपियनशिप (जूनियर / सीनियर वर्ग) / एशियाई खेल (सीनियर वर्ग) / राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर वर्ग) / युवा ओलंपिक / चैंपियंस ट्रॉफी (हॉकी), डेविस कप (टेनिस) (श्रेणी-'बी') में कम से कम तीसरा स्थान।
2	लेवल-2 या 3	विश्व कप (जूनियर / युवा / सीनियर वर्ग) / विश्व चैंपियनशिप (जूनियर / सीनियर वर्ग) / एशियाई खेल (सीनियर वर्ग) / राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर वर्ग) / युवा ओलंपिक / चैंपियंस ट्रॉफी (हॉकी), डेविस कप (टेनिस) (श्रेणी-'बी') में देश का प्रतिनिधित्व किया हो। **(या)** राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप (जूनियर / सीनियर) / एशियाई चैम्पियनशिप (जूनियर / सीनियर) / एशिया कप (जूनियर / सीनियर) / दक्षिण एशियाई महासंघ खेल (सीनियर) / यूएसआईसी (विश्व रेलवे) चैम्पियनशिप (सीनियर) / विश्व विश्वविद्यालय खेल (श्रेणी-सी) में कम से कम तीसरा स्थान। **(या)** सीनियर / युवा / जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कम से कम तीसरा स्थान। **(या)** भारतीय ओलंपिक संघ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कम से कम तीसरा स्थान। **(या)** भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में कम से कम तीसरा स्थान। **(या)** फेडरेशन कप चैंपियनशिप (सीनियर वर्ग) में प्रथम स्थान।
3	लेवल-1	राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप (जूनियर / सीनियर) / एशियाई चैंपियनशिप (जूनियर / सीनियर) / एशिया कप (जूनियर / सीनियर) / दक्षिण एशियाई फेडरेशन गेम्स (सीनियर) / यूएसआईसी (विश्व रेलवे) चैंपियनशिप (सीनियर) / विश्व विश्वविद्यालय गेम्स (श्रेणी - 'सी') में देश का प्रतिनिधित्व किया हो। **(या)** फेडरेशन कप चैंपियनशिप (सीनियर वर्ग) में कम से कम तीसरा स्थान। **(या)** मैराथन और क्रॉस कंट्री को छोड़कर, किसी राज्य या समकक्ष इकाई का प्रतिनिधित्व किया हो, और केवल सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कम से कम 8वां स्थान प्राप्त किया हो। **उपरोक्त के अतिरिक्त, निम्नलिखित खेल मानदंडों वाले उम्मीदवार भी आवेदन करने के पात्र हैं।** युवा / जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कम से कम तीसरा स्थान। **(या)** भारतीय ओलंपिक संघ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कम से कम तीसरा स्थान। **(या)** भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में कम से कम तीसरा स्थान।

नोट: उच्च वेतन लेवलों में भर्ती के लिए न्यूनतम खेल मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार निम्न वेतन लेवलों में भर्ती के लिए भी आवेदन करने के पात्र होंगे। हालांकि, ऐसे आवेदकों पर केवल उसी वेतन लेवल पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया है और उन्हें यह वचन देना होगा कि रेलवे में शामिल होने से पहले अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर, वे रेलवे में शामिल होने के बाद उच्च वेतन लेवल का दावा नहीं करेंगे।

उदाहरण के लिए, लेवल 3 / 2 के खेल मानदंड वाले खिलाड़ी लेवल 1 की रिक्तियों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं और ऐसे आवेदकों पर केवल लेवल 1 में ही विचार किया जाएगा और उन्हें यह वचन देना होगा कि रेलवे में शामिल होने के बाद, वे रेलवे में शामिल होने से पहले की खेल उपलब्धियों के आधार पर उच्च वेतन का दावा नहीं करेंगे।

5.3 कुछ विषयों के लिए अतिरिक्त स्वीकार्य खेल उपलब्धियों के पात्रता मानदंड:

(क) एथलेटिक्स में, राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले प्रदर्शन पर भी लेवल-2 के पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

एथलेटिक्स में, ओपन राष्ट्रीय चैंपियनशिप (सीनियर), अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सीनियर) और एशियाई चैंपियनशिप (सीनियर) में स्वर्ण पदक विजेता को भी लेवल 4 / 5 में भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

(ख) टेनिस में, खिलाड़ियों को उनकी वर्तमान वार्षिक भारत रैंकिंग के आधार पर विभिन्न वेतन लेवलों पर, निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार, भर्ती के लिए भी विचार किया जा सकता है:

वेतन लेवल	न्यूनतम खेल मानदंड आवश्यक		
	आयु वर्ग	इवेंट	वर्तमान वार्षिक अखिल भारतीय रैंकिंग
लेवल - 2 / 3	सीनियर्स	एकल	20वें स्थान तक
	सीनियर्स	युगल	4वें स्थान तक
	युवा	एकल	6वें स्थान तक
	जूनियर्स	एकल	6वें स्थान तक
लेवल - 4 / 5	सीनियर	एकल	8वें स्थान तक

नोट: इन उद्देश्यों के लिए केवल वर्तमान वार्षिक अखिल भारतीय रैंकिंग पर ही विचार किया जाएगा। भर्ती के उद्देश्य के लिए उच्चतम रैंकिंग को एक वर्ष के लिए वैध माना जा सकता है। मिश्रित युगल में रैंकिंग पर विचार नहीं किया जाएगा।

टेनिस में, राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले प्रदर्शन को भी वेतन लेवल -2 के पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

(ग) राष्ट्रीय लेवल पर क्रिकेट (पुरुष और महिला) में, बीसीसीआई के तत्वावधान में आयोजित निम्नलिखित खेल उपलब्धियों पर भी भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

वेतन लेवल	न्यूनतम खेल मानदंड
लेवल - 4/5	2 टेस्ट मैचों / 2 सीमित ओवरों के एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों / 2 ट्वेंटी-20 ओवरों के मैचों में भारत-ए और भारत अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व
लेवल - 3/2	i) सीनियर / अंडर-23 / अंडर-19 अखिल भारतीय अंतर-राज्यीय ग्रुप चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनलिस्ट (प्लेट ग्रुप को छोड़कर) **(या)** ii) सीनियर / अंडर-23 / अंडर-19 अखिल भारतीय अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी **(या)** iii) सीनियर / अंडर-23 / अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी में भागीदारी
लेवल -1	सीनियर / अंडर-23 / अंडर-19 अखिल भारतीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में प्री-क्वार्टर फाइनलिस्ट (प्लेट ग्रुप को छोड़कर)

(घ) गोल्फ में, (i) लेवल-2 / 3 के पदों पर भर्ती के लिए, 60 तक I.G.U रैंकिंग वाले खिलाड़ी; और (ii) लेवल-1 के पदों पर भर्ती के लिए; 100 तक I.G.U रैंकिंग वाले खिलाड़ी, एकल हैंडीकैप के अधीन, अर्थात 10 से कम (मेरिट / एमेच्योर मेरिट सूची के क्रम में), भी भर्ती के लिए पात्र होंगे। इन उद्देश्यों के लिए केवल वर्तमान वार्षिक अखिल भारतीय रैंकिंग पर ही विचार किया जाएगा।

भर्ती के वर्ष में सर्वोच्च रैंकिंग को इस उद्देश्य के लिए माना जा सकता है।

खिलाड़ियों को आरएसपीबी से एनओसी लेने के बाद उनकी भर्ती के 5 वर्ष पूरे होने पर ही पेशेवर टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी जा सकती है।

(ङ) हॉकी (पुरुष) में, लेवल 2 या लेवल 3 के पदों पर भर्ती के लिए, चार या अधिक देशों के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट (सीनियर या जूनियर) में भागीदारी पर भी विचार किया जा सकता है या सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सेमीफाइनलिस्ट पर भी विचार किया जा सकता है।

(च) **उपरोक्त सभी चैंपियनशिप मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय खेल महासंघों के तत्वावधान में आयोजित की जाएंगी और रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) द्वारा भी मान्यता प्राप्त होंगी।**

(छ) जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खेल उपलब्धियों के आधार पर खिलाड़ियों की भर्ती के लिए, केवल नीचे उल्लिखित आयु समूहों पर ही विचार किया जाएगा।

क्र. सं.	अनुशासन	श्रेणी	मान्यता प्राप्त जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का विवरण	
			आयु समूह	चैंपियनशिप का नाम
1	एथलेटिक्स	पुरुष और महिला	अंडर-20	जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक चैंपियनशिप
2	बास्केटबॉल	पुरुष और महिला	अंडर-18	जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप
3	मुक्केबाजी	पुरुष और महिला	अंडर-17	जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप
4	क्रिकेट	पुरुष	अंडर-23	कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी (अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप)
			अंडर-19	कूच बिहार ट्रॉफी (अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप)
			अंडर-19	वीनू मांकड़ ट्रॉफी (एक दिवसीय सीमित ओवरों की अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप)
	क्रिकेट	महिला	अंडर-19	अंतरराज्यीय अखिल भारतीय नॉकआउट/ अंतरराज्यीय क्षेत्रीय टूर्नामेंट (एक दिवसीय सीमित ओवरों का टूर्नामेंट)
			अंडर-19	अखिल भारतीय अंतरक्षेत्रीय टूर्नामेंट (एक दिवसीय सीमित ओवरों की चैम्पियनशिप)
5	फुटबॉल	पुरुष	अंडर-19	जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियन शिप (बी.सी. रॉय ट्रॉफी के लिए)
6	हॉकी	पुरुष	अंडर-21	जूनियर (अंडर-21) राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप
7	तैराकी	पुरुष	अंडर-17 (ग्रुप-1)	जूनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैम्पियनशिप
8	टेनिस	पुरुष	अंडर-18	डीएससीएल जूनियर राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप (सभी आयु वर्गों के लिए)
			अंडर-18	एडिडास राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप (अंडर-18 और उससे कम आयु वर्गों के लिए)
9	भारोत्तोलन	पुरुष और महिला	अंडर-20	जूनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप
10	गोल्फ	पुरुष	अंडर-18	जूनियर और सब-जूनियर राष्ट्रीय गोल्फ चैम्पियनशिप

(ज) केवल मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय / राज्य खेल महासंघ के तत्वावधान में आयोजित और रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त सभी चैम्पियनशिप ही स्वीकार्य होंगी।

(झ) भर्ती किए गए अभ्यर्थियों को केवल सातवें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के संबंधित लेवलों में न्यूनतम वेतन पर रखा जाएगा।

क्रमशः

6. **भर्ती प्रक्रियाः** भर्ती ट्रायल के दौरान प्रदर्शन, खेल उपलब्धियों के मूल्यांकन और शैक्षिक योग्यता के आधार पर होगी। केवल ट्रायल में फिट पाए जाने वाले उम्मीदवारों पर ही अगले चरण के लिए विचार किया जाएगा।

7. **(I) चयन प्रक्रियाः**

i. इस भर्ती के लिए, सभी पात्र उम्मीदवारों को ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा। पात्र उम्मीदवारों के खेल प्रदर्शन और उपयुक्तता का आकलन करने के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

ii. ट्रायल की तिथियां बाद में अधिसूचित की जाएंगी और आरआरसी चेन्नई वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी। हालांकि उम्मीदवारों को पहले से सूचित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे, उम्मीदवारों को आगाह किया जाता है कि उन्हें अल्प सूचना पर चयन ट्रायल में उपस्थित होना पड़ सकता है। उम्मीदवारों को इस संबंध में जानकारी के लिए नियमित रूप से आरआरसी वेबसाइट की जांच करने की सलाह दी जाती है।

iii. उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि उन्हें शैक्षिक योग्यता, समुदाय, खेल उपलब्धियों, जन्म तिथि, अल्पसंख्यक आय प्रमाण पत्र और पहचान के प्रमाण जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि आवेदन के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां दस्तावेज़ सत्यापन के दिन और ट्रायल के दिन प्रस्तुत करनी होंगी, ऐसा न करने पर, उम्मीदवार को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

iv. ट्रायल आदि की तिथियों / स्थल में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

(II) अंकों का वितरणः

(क) ट्रायल समिति अगले चरण के लिए उपयुक्त या अनुपयुक्त के रूप में अपनी सिफारिश देगी, जिसके लिए नीचे दिए गए मानदंडों के अनुसार अंक (अधिकतम 40 अंक) दिए जाएँगेः

(i)	ट्रायल के दौरान खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और कोच के अवलोकन के लिए	40 अंक
(ii)	उपयुक्त उम्मीदवार	25 या अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार
(iii)	अनुपयुक्त उम्मीदवार	25 से कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार

(ख) ट्रायल के बाद, केवल उपयुक्त उम्मीदवारों पर ही अगले चरण के लिए विचार किया जाएगा। ट्रायल में उपयुक्त नहीं घोषित किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन भर्ती समिति द्वारा नहीं किया जाएगा।

(ग) ट्रायल और अगले चरण के दौरान प्रदर्शन के लिए दिए जा सकने वाले अधिकतम अंक निम्नानुसार होंगेः

(i)	ट्रायल के दौरान खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और कोच के अवलोकन के लिए	40 अंक
(ii)	मानदंडों के अनुसार मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धियों के मूल्यांकन के लिए	50 अंक
(iii)	शैक्षिक योग्यता	10 अंक
	कुल	**100 अंक**

(III) न्यूनतम अर्हक अंकः
लेवल-4 / 5, लेवल-2 / 3 और लेवल-1 में भर्ती के लिए न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार हैंः

क्र.सं.	लेवल	न्यूनतम अर्हक अंक
1.	लेवल-4 / 5 (ग्रेड वेतन 2400 / 2800)	70 अंक
2.	लेवल-2 / 3 (ग्रेड वेतन 1900 / 2000)	65 अंक
3.	लेवल-1 (ग्रेड वेतन 1800)	60 अंक

नोटः

(क) नियुक्ति का प्रस्ताव पूर्णतः योग्यता और रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर दिया जाएगा। यदि एक से अधिक खिलाड़ी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो योग्यता निर्धारण हेतु कम उम्र के उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी।

(ख) केवल वही खिलाड़ी भर्ती के लिए विचार किया जाएगा जो दक्षिण रेलवे टीम में शामिल हो सके।

(ग) **यदि लेवल 4 / 5 में 5 पदों की भर्ती के लिए कोई वैध आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं, तो इन पाँच पदों को लेवल 2 / 3 में डाउनग्रेड कर दिया जाएगा और इस लेवल के लिए विज्ञापित स्पर्धाओं के अनुशासन में उपयुक्त उम्मीदवारों की भर्ती के लिए उपयोग किया जाएगा।**

8. परीक्षा शुल्क / छूटः

क्र.सं.	उम्मीदवार श्रेणियाँ	शुल्क
1.	नीचे क्र.सं. 2 में उल्लिखित शुल्क रियायत श्रेणियों को छोड़कर सभी उम्मीदवारों के लिए शुल्क। ** ट्रायल में उपस्थित होने पर बैंक शुल्क काटकर रु. 400 वापस कर दिए जाएँगे।	रु. 500 / -
2.	अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / महिला / भूत पूर्व सैनिक / दिव्यांग व्यक्ति /अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए। ** ट्रायल में उपस्थित होने पर बैंक शुल्क काटकर 250 रुपये वापस कर दिए जाएँगे।	रु. 250 / -

